प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 15.06.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. जिला बदर अभियुक्त अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार थाना गलशहीदः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध/अपराधीयों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व वांछित/वारण्टी, जिलाबदर की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एंव पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी कटघर के नेतृत्व/ पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सौरभ त्यागी थाना गलशहीद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त समीउर्रहमान पुत्र हबीबउर्रहमान निवासी एकरात वाली मस्जिद ईदगाह थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद जिला बदर होने पर माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुये जनपद की सीमा में पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। इस संबंध में थाना गलशहीद पर अभियुक्त समीउर्रहमान उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 93/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम व धारा 10 गुण्डा अधिनियम पंजीकृत किया गया।अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

<u>आपराधिक इतिहास</u> –

1.मु0अ0सं0-78/2023 धारा 294, 323, 354(क), 354(घ), 504, 506 भा0द0वि0 थाना गलशहीद मुरादाबाद।

2.मु0अ0सं0 – 93/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम व धारा 10 गुण्डा अधि0 थाना गलशहीद मुरादाबाद।

2. थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के 03 आरोपीयों को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.06.2024 को शान्ति भंग कर रहे आरोपीगण को **थाना ठाकुरद्वारा पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1.फारूख पुत्र इब्राहिम निवासी कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद, 2.अक्षय पुत्र राजेन्द्र सिंह, 3.अजय पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासीगण मौ० फतहेउल्लागंज कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं शान्तिव्यवस्था कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।